**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**06.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे**

## मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–कर्तव्य भवन अमृतकाल में विकसित भारत की नीतियों व निर्णयों की दिशा करेगा तय।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–लोगों को गुणवत्तायुक्त, समयबद्ध व आधुनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावितों पर एफआईआर दर्ज करने को भाजपा ने बताया शर्मनाक।
- राज्य सरकार ने करूणामूलक आधार पर नियुक्तियों से संबंधित नीति में महत्वपूर्ण संशोधन को दी मंजूरी।
- प्रदेश में लगातार हो रही मॉनसून की वर्षा से जनजीवन प्रभावित–किन्नर कैलाश यात्रा दौरान दो श्रद्धालुओं की मौत।

## प्रधानमंत्री कर्तव्य भवन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर स्थित कर्तव्य भवन–3 का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने नए भवन का निरीक्षण किया और इसकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भवन परिसर में एक पौधा भी लगाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये कर्तव्य भवन अमृत काल में विकसित भारत की नीतियों और निर्णयों की दिशा तय करेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जहाँ एक ओर भारत मंडपम का निर्माण किया गया है, वहीं देशभर में एक हजार 3 सौ से ज्यादा नए अमृत भारत रेलवे स्टेशन भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यशोभूमि की भव्यता पिछले 11 साल में बने 90 नए हवाई अड्डों में भी नजर आती है। प्रधानमंत्री ने भवन के निर्माण में श्रमिकों की कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के लिए उनकी सराहना भी की।

## उप–मुख्यमंत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार लोगों को गुणवत्तायुक्त, समयबद्ध और आधुनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम के बेड़े में एक हजार नई बसों को चरणबद्ध ढंग से शामिल किया जाएगा। मुकेश अग्निहोत्री ने बताया कि 24 नई वोल्वो बसें एचआरटीसी के बेड़े में शामिल हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए 37 से 42 सीटर क्षमता की छोटी व सुविधाजनक बसों की खरीद को प्राथमिकता दी जा रही है ताकि दूरदराज़ और दुर्गम क्षेत्रों में भी परिवहन सेवाएं सुगमता से प्रदान की जा सकें। इसके अलावा 5 सौ और ई–बसें खरीदी जाएंगीं। उप–मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्तमान में निगम द्वारा लगभग 3 हजार 2 सौ बसों का संचालन किया जा रहा है।

## विरोध प्रदर्शन

मंडी जिले में सराज विधानसभा क्षेत्र के आपदा प्रभावितों पर एफआईआर दर्ज करने के विरोध में मंडी जिला भाजपा ने आज राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने राज्य सरकार को जनविरोधी बताते हुए कहा कि कांग्रेस ने आपदा प्रभावितों को राहत पहुंचाने के बजाय उन पर झूठी एफआईआर दर्ज की है जो बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के इस रवैये की कड़ी निंदा करती है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भारी वर्षा से करीब दो हजार करोड़ रूपए का नुकसान हुआ है लेकिन सरकार ने बजट प्रावधान न के बराबर किया है। बाद में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उपायुक्त मंडी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर सराज क्षेत्र के लोगों पर दर्ज की गई एफआईआर को तुरंत प्रभाव से वापिस लेने की मांग उठाई।

## हर्षवर्धन चौहान

हिमाचल में कांग्रेस संगठन की मजबूती को लेकर पार्टी हाईकमान ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित अन्य नेताओं के साथ अहम बैठक की। बैठक में शामिल होने के बाद शिमला लौटे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने आज पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पार्टी हाईकमान ने राज्य सरकार के अढ़ाई साल के कार्यकाल को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि इस दौरान प्रदेश में संगठन को मजबूत करने पर विशेष बल दिया गया। हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि बैठक में प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष को लेकर भी सुझाव दिए गए हैं।

## करूणामूलक नियुक्ति

राज्य सरकार ने करूणामूलक आधार पर सरकारी सेवा में नियुक्तियों से संबंधित नीति में महत्वपूर्ण संशोधन को मंजूरी दी है। प्रदेश सरकार के एक प्रवक्ता ने शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि संशोधित नीति के अनुसार अब परिवार की वार्षिक आय सीमा अढ़ाई लाख रूपए से बढ़ाकर तीन लाख रूपए कर दी गई है। उन्होंने कहा कि 45 वर्ष से कम आयु की विधवाओं, माता–पिता से वंचित आवेदकों और ड्यूटी के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा पात्र आवेदकों को कोटे की सीमा के कारण इस योजना से वंचित न होना पड़े इसके लिए पांच प्रतिशत कोटे में एकमुश्त छूट को भी स्वीकृति दी गई है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य दिवंगत सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को समय पर सहायता प्राप्त करना और चिरलंबित मांगों का समाधान करना है।

## सिकंदर कुमार

केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार ने भारतीय राजमार्ग प्रबंधन कम्पनी लिमिटेड के माध्यम से लूज फास्टैग का पता लगाने और उन्हें ब्लैकलिस्ट में डालने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया को सुदृढ़ किया है। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा संसद में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने ये जानकारी दी। नितिन गडकरी ने बताया कि जिन वाहनों में वैध और कार्यात्मक फास्टैग नहीं लगा है उनसे लागू शुल्क का दोगुना शुल्क वसूला जाएगा। उन्होंने कहा कि जिन वाहनों पर फास्टैग नहीं लगा है वे भी इसी श्रेणी में

आएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार फास्टैग परितंत्र के विस्तार के लिए हितधारकों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ रही है।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मॉनसून की वर्षा का दौर जारी रहने से सामान्य जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है। राज्य में भारी वर्षा व भूस्खलन के चलते तीन राष्ट्रीय उच्च मार्गों सहित पांच सौ 33 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। जनजातीय जिला किन्नौर में पिछले 24 घंटों के दौरान हुई लगातार बारिश के चलते किन्नर कैलाश यात्रा पर गए सैकड़ों श्रद्धालुओं को कांग्यरंग से रस्सी के अस्थाई पुल के माध्यम से जिला प्रशासन द्वारा रेस्क्यू किया गया। प्रशासन से प्राप्त सूचना के अनुसार यात्रा के दौरान दो श्रद्धालुओं की मृत्यु हुई है। जिनमें से एक श्रद्धालु की पहचान पश्चिम बंगाल के निवासी के रूप में हुई है। जबकि एक अन्य श्रद्धालु की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है। प्रदेश में वर्षा जनित घटनाओं के कारण अब तक एक सौ 99 लोगों की मृत्यु हो चुकी है जबकि 36 अभी भी लापता हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आगामी 24 घंटो के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा जारी रहने की संभावना है।

## दृष्टिहीन

राज्य दृष्टिहीन संगठन ने राज्य सरकार से बैकलॉग कोटे की भर्तियों पर जल्द निर्णय लेने की मांग की है। दृष्टिहीन संगठन के सदस्यों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि आगामी मॉनसून सत्र से पहले बैकलॉग कोटे की भर्तियों पर फैसला नहीं लिया गया तो 19 अगस्त को वे आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे और आत्मदाह करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। दृष्टिहीन जनसंगठन के सदस्य पंकज ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि सरकार और अधिकारियों के साथ मांगों को लेकर बैठकें की गई हैं लेकिन अभी तक बैकलॉग कोटे की भर्तियां नहीं हुई हैं।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–कर्तव्य भवन अमृतकाल में विकसित भारत की नीतियों व निर्णयों की दिशा करेगा तय।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा–लोगों को गुणवत्तायुक्त, समयबद्ध व आधुनिक परिवहन सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध।
- सराज विधानसभा क्षेत्र में आपदा प्रभावितों पर एफआईआर दर्ज करने को भाजपा ने बताया शर्मनाक।
- राज्य सरकार ने करूणामूलक आधार पर नियुक्तियों से संबंधित नीति में महत्वपूर्ण संशोधन को दी मंजूरी है।
- प्रदेश में लगातार हो रही मॉनसून की वर्षा से जनजीवन प्रभावित–किन्नर कैलाश यात्रा दौरान दो श्रद्धालुओं की मौत।